मेजर ध्यानचंद खेल विश्विवद्यालय का शिलान्यास किया

चर्चा में क्यों?

2 जनवरी, 2022 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनपद मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्विवद्यालय का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मेजर ध्यानचंद खेल विश्विवद्यालय पर केंद्रित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई।

प्रमुख बिंदु

- 700 करोड़ रुपए की लागत के इस विश्विवद्यालय का निर्माण 91.38 एकड़ क्षेत्रफल में किया जाएगा।
- प्रधानमंत्री ने मेजर ध्यानचंद खेल विश्विवद्यालय के मॉडल तथा जनपद मेरठ में उत्पादित खेल के सामानों पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस दौरान उन्होंने एक स्टॉल पर एक्सरसाइज मशीन का इस्तेमाल करके भी देखा।
- प्रधानमंत्री ने प्रदेश के नौजवानों को राज्य के पहले खेल विश्विवद्यालय के लिये बधाई देते हुए कहा कि यह आधुनिक यूनिवर्सिटी दुनिया की श्रेष्ठ स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी होगी। यहाँ युवाओं को खेल से जुड़ी अंतर्राष्ट्रीय सुविधाएँ मिलेंगी।
- इस विश्विवद्यालय में खेल, खेल विज्ञान तथा खेल प्रोद्योगिकी के विभिन्न पाठ्यक्रमों के साथ प्रशिक्षण एवं शोध कार्य संचालित किया जाएगा।
- यह विश्विवद्यालय कैरियर के रूप में स्पोर्ट्स को अपनाने के लिये स्किल्स का निर्माण यहाँ हर साल एक हज़ार से अधिक बेटे-बेटियाँ बेहतरीन खिलाड़ी बनकर निकलेंगे।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में देश की पहली नेशनल स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ने मणिपुर में स्थापित की गई थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/major-dhyan-chand-sports-university